बेहतर भविष्य के लिए क्षमता निर्माण

Capacity Building for a Better Future

वार्षिक प्रतिवेदन

2014-2015

अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान

विषय सूची

प्रस्तावना			**01**
शैक्षणिक वर्ष 2014-2015 के दौरान संस्थान की गतिविधियां			**02**
परिशिष्ट-I	सारणी क	शैक्षणिक वर्ष 1957-58 से 2014-2015 तक अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान में उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र/प्राप्त करनेवाले विभिन्न देशों के छात्रों की संख्या	**21**
	सारणी ख	शैक्षणिक वर्ष 1957-58 से 2014-2015 तक अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान में उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र प्राप्त/प्राप्त करनेवाले विभिन्न वर्षों के छात्रों की संख्या	**22**
परिशिष्ट -II		डिग्री/डिप्लोमा प्राप्त छात्रों की सूची (2015)	**23**
परिशिष्ट-III	सारणी क	एम.ए./एम.एससी. छात्रों की सूची (उनके शोध-प्रबंध के शीर्षकों सहित)	**29**
	सारणी ख	जैव-सांख्यिकी तथा महामारी विज्ञान में एम.एससी. के छात्रों की सूची (उनके शोध-प्रबंध के शीर्षकों सहित)	**32**
	सारणी ग	एम.पी.एस. छात्रों की सूची (उनके संगोष्ठी पत्रों के शीर्षकों सहित)	**33**
	सारणी घ	एम.फिल. छात्रों की सूची (उनके शोध-प्रबंध के शीर्षकों सहित)	**37**
	सारणी च	पीएच.डी. छात्रों की सूची (उनके शोध-प्रबंध के शीर्षकों सहित)	**41**
	सारणी छ	एम.पी.एस. (दूरस्थ शिक्षण) छात्रों की सूची (उनके संगोष्ठी पत्रों के शीर्षकों सहित)	**43**
	सारणी ज	डी.पी.एस. (दूरस्थ शिक्षण) छात्रों की सूची (उनके संगोष्ठी पत्रों के शीर्षकों सहित)	**45**
परिशिष्ट-IV	सारणी क	जनसंख्या अध्ययन में एम.ए./एम.एससी. के लिए पंजीकृत छात्रों की सूची	**46**
	सारणी ख	जैवसांख्यिकी तथा महामारी विज्ञान में एम.एससी. के लिए पंजीकृत छात्रों की सूची (2014-16)	**47**
	सारणी ग	जनसंख्या अध्ययन में डॉक्टर ऑफ फिलॉसॉफी (पीएच.डी.) के लिए पंजीकृत छात्रों की सूची	**47**
परिशिष्ट-V	सारणी क	आइ आइ पी एस संकाय सदस्यों/शोध स्टाफ/छात्रों के शोध प्रकाशन	**53**
	सारणी ख	आइ आइ पी एस द्वारा प्रकाशित शोध रिपोर्टें/विनिबंध/शोध सार/तथ्य पत्र	**61**
	सारणी ग	संकाय सदस्यों/शोध स्टाफ द्वारा संगोष्ठियों/सम्मेलनों में प्रस्तुत शोध पत्र	**63**
परिशिष्ट-VI	सारणी क	संकाय सदस्यों/शोध स्टाफ द्वारा आयोजित संगोष्ठियां/सम्मेलन/कार्यशालाएं/सत्र	**70**
	सारणी ख	संकाय सदस्यों/शोध स्टाफ द्वारा दिए गए व्याख्यान/प्रदान की गई परामर्शी सेवाएं	**76**
	सारणी ग	संकाय सदस्यों/शोध स्टाफ की संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं/बैठकों/व्याख्यानों में सहभागिता	**81**
	सारणी घ	व्यावसायिक निकायों में संकाय सदस्यों की सदस्यता	**92**
परिशिष्ट -VII		आइ आइ पी एस के छात्रों द्वारा प्रस्तुत शोध-पत्र	**98**
परिशिष्ट -VIII		संस्थान में आए हुए आगंतुक	**115**
परिशिष्ट -IX		संस्थान के विभाग, संकाय सदस्य एवं अधिकारीगण	**116**
परिशिष्ट -X		अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई के महापरिषद् के सदस्य	**118**
परिशिष्ट -XI		अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई के कार्यकारी परिषद् के सदस्य	**122**
परिशिष्ट -XII		अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई के स्थायी वित्त समिति के सदस्य	**125**
परिशिष्ट -XIII		अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई के विद्या परिषद् के सदस्य	**126**
परिशिष्ट -XIV		अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई के अध्ययन तथा शोध बोर्ड के सदस्य	**131**
परिशिष्ट -XV		वर्ष 2014-2015 के लिए अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई के लेखा-परीक्षित लेखों सहित लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	**135**

प्रस्तावना

मुझे शैक्षणिक वर्ष **2014-2015** की अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है । संस्थान ने पिछले वर्ष अपनी शानदार मौजूदगी के **59** वर्ष पूरे किए हैं ।

संस्थान को वर्ष 1985 में विश्वविद्यालय समतुल्य का दर्जा दिया गया। विश्वविद्यालय समतुल्य के रूप में संस्थान ने वर्ष 1986 से स्वयं पीएच.डी. की उपाधि देना प्रारंभ किया, अब तक संस्थान ने कुल **247** छात्रों को पीएच.डी. उपाधि प्रदान की है जिनमें **11** विदेशी छात्र भी सम्मिलित हैं । इस वर्ष **11** छात्रों को पीएच.डी. उपाधि प्रदान की गई । संस्थान ने शैक्षणिक वर्ष 1988-89 से जनसंख्या अध्ययन में मास्टर (एम.पी.एस.) का एक वर्ष का प्रमुख डिग्री पाठ्यक्रम शुरू किया । अब तक संस्थान ने **544** छात्रों को एम.पी.एस. डिग्री प्रदान की है । जनसंख्या अध्ययन के क्षेत्र में प्रशिक्षण की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए वर्ष 1994-95 से एम.पी.एस. पाठ्यक्रम दूरस्थ्य शिक्षण के माध्यम से भी शुरू किया गया । अब तक **335** छात्रों को दूरस्थ्य शिक्षण के माध्यम से चलाए जानेवाले एम.पी.एस. पाठ्यक्रम की डिग्रियां प्रदान की गई हैं। शैक्षणिक वर्ष 2001-02 से संस्थान ने जनसंख्या अध्ययन में मास्टर ऑफ फिलॉसॉफी (एम.फिल.) डिग्री पाठ्यक्रम प्रारंभ किया । अब तक **322** छात्रों को जनसंख्या अध्ययन में मास्टर ऑफ फिलॉसॉफी डिग्री प्रदान की गई है ।

संस्थान वर्ष 1956 में अपने प्रारंभ से ही एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र के विभिन्न देशों से आए हुए प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक वर्ष का प्रमाणपत्र कार्यक्रम, जनसंख्या अध्ययन में प्रमाणपत्र (सीपीएस) चला रहा है। प्रारंभ में यह पाठ्यक्रम यूनिस्केप तथा बाद में यू.एन.एफ.पी.ए. द्वारा निधिक था । इन वर्षों में संस्थान ने एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र के विभिन्न देशों से आए हुए अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया और संस्थान के पूर्व छात्र इस समय इन देशों में सरकारी विभागों तथा विश्वविद्यालयों एवं अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों में जनसंख्या, स्वास्थ्य तथा विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। शैक्षणिक वर्ष 1991-92 से इस कार्यक्रम को जनसंख्या अध्ययन में डिप्लोमा (डीपीएस) के रूप में पुनर्नामित किया गया। इस संस्थान से अब तक विश्व के 42 देशों के 1204 छात्रों ने सीपीएस/डीपीएस प्रमाणपत्र/ डिप्लोमा प्राप्त किया है । परिशिष्ट-I में दी गई दो सारणियां अब तक संस्थान के विभिन्न अध्यापन कार्यक्रमों में प्रशिक्षित छात्रों का विवरण क्रमश: देशानुसार एवं वर्षानुसार प्रस्तुत करती हैं। शैक्षणिक वर्ष 2006-07 से संस्थान ने जनसंख्या अध्ययन में डिप्लोमा (डीपीएस) कार्यक्रम दूरस्थ शिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से भी प्रारंभ किया है ।

अगस्त 1987 से प्रारंभ किए गए स्वास्थ्य शिक्षा में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम (डीएचई) को शैक्षणिक वर्ष 2001-2002 से स्वास्थ्य प्रोत्साहन शिक्षा में डिप्लोमा (डीएचपीई) के रूप में पुनर्नामित किया गया। अब तक **533** छात्रों को स्वास्थ्य प्रोत्साहन शिक्षा में डिप्लोमा प्रदान किया गया है जिसमें 28 विदेशी छात्र भी शामिल हैं। इस दीक्षांत समारोह में **18** छात्रों को स्वास्थ्य प्रोत्साहन शिक्षा में डिप्लोमा प्रदान किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2006-07 से संस्थान ने नया

कार्यक्रम, समुदाय स्वास्थ्य देखभाल में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीसीएचसी) प्रारंभ किया है। इस पाठ्यक्रम की अवधि पन्द्रह महीने है। पाठ्यक्रम अर्थात् डीएचपीई तथा पीजीडीसीएचसी परिवार कल्याण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र (एफ डब्ल्यु टी आर सी) द्वारा संचालित किए जाते हैं जो इस संस्थान से सम्बद्ध है । संस्थान ने शैक्षणिक वर्ष 2009-2010 से नया कार्यक्रम अर्थात् जनसंख्या अध्ययन में एम.ए./एम.एससी.(दो वर्षीय पाठ्यक्रम) प्रारंभ किया है और शैक्षणिक वर्ष 2013-2014 से संस्थान ने दूसरी मास्टर डिग्री अर्थात् जैव-सांख्यिकी तथा महामारी विज्ञान में एम. एससी. प्रारंभ की है ।

शैक्षणिक वर्ष 2014-2015 के दौरान संस्थान की गतिविधियां

आइ आइ पी एस के कार्यों को चार श्रेणियों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है: अध्यापन,शोध,परामर्शदात्री सेवाएं तथा प्रलेखीकरण । संस्थान में अच्छी योग्यता प्राप्त संकाय सदस्यों सहित सात शैक्षणिक विभाग हैं (देखें परिशिष्ट - I**X**) ।

1. अध्यापन कार्यक्रम

I. <u>नियमित पाठ्यक्रम</u>

वर्ष **2014-2015** के दौरान संस्थान ने निम्नलिखित नियमित पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए : (क) स्वास्थ्य प्रोत्साहन शिक्षा में डिप्लोमा (डी एच पी ई), (ख) समुदाय स्वास्थ्य देखभाल में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी जी डी सी एच) (ग) जनसंख्या अध्ययन में कला निष्णात/विज्ञान निष्णात (एम ए/एम.एससी.), (घ) जैवसांख्यिकी तथा महामारी विज्ञान में विज्ञान निष्णात (एम. एससी) (च) जनसंख्या अध्ययन में मास्टर (एम पी एस), (छ) जनसंख्या अध्ययन में मास्टर ऑफ फिलॉसॉफी (एम.फिल.) तथा (ज) जनसंख्या अध्ययन में डॉक्टर ऑफ फिलॉसॉफी (पीएच.डी.)। उपर्युक्त नियमित पाठ्यक्रमों के अलावा, संस्थान दूरस्थ्य शिक्षण के माध्यम से जनसंख्या अध्ययन में मास्टर (एम पी एस) तथा जनसंख्या अध्ययन में डिप्लोमा (डी पी एस) भी संचालित करता है ।

इस दीक्षांत समारोह में डिग्री/डिप्लोमा प्राप्त करनेवाले छात्रों की सूची परिशिष्ट -II में दी गई है ।

क. स्वास्थ्य प्रोत्साहन शिक्षा में डिप्लोमा (डी.एच.पी.ई.)

इस पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष है । वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के दौरान स्वास्थ्य प्रोत्साहन शिक्षा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में **18** छात्रों को प्रवेश दिया गया । यह पाठ्यक्रम आइ.आइ.पी.एस. के तत्वधान में परिवार कल्याण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र (एफ.डब्ल्यु.टी.आर.सी.) द्वारा संचालित किया जाता है। इस शैक्षणिक वर्ष में डीएचपीई प्राप्त छात्रों की सूची परिशिष्ट II-1 में दी गई है ।

डॉ.सुमिता घोष पी जी डी सी एच कार्यक्रम की समन्वयक है।

ख. समुदाय स्वास्थ्य देखभाल में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी जी डी सी एच सी)

इस पाठ्यक्रम की अवधि 15 महीने है । वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में जिन तीन छात्रों ने पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है उन्हें इस दीक्षांत समारोह में उपाधि प्रदान की जाएगी । इस शैक्षणिक वर्ष में पीजीडीसीएचसी प्राप्त छात्रों की सूची परिशिष्ट ॥-2 में दी गई है।

डॉ. एन. आर. के बेहेरा पी जी डी सी एच सी कार्यक्रम के समन्वयक हैं ।

ग. जनसंख्या अध्ययन में कला निष्णात/विज्ञान निष्णात (एम ए/ एम.एससी.)

संस्थान ने शैक्षणिक वर्ष 2009-10 से उन स्नातक छात्रों के लिए जनसंख्या अध्ययन में एम ए/एम.एससी. पाठ्यक्रम प्रारंभ किया है जो जनसंख्या अध्ययन में विशेष अध्ययन करना चाहते हैं। इस शैक्षणिक वर्ष में इस दो वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्येतावृत्ति सहित **32** छात्रों को प्रवेश दिया गया। इस शैक्षणिक वर्ष में एम ए/एम.एससी. उपाधि प्राप्त छात्रों की सूची परिशिष्ट-II-3 में दी गई है । इस पाठ्यक्रम के भाग के रूप में तैयार किए गए उनके शोध प्रबंध के शीर्षकों के साथ छात्रों की सूची परिशिष्ट III (सारणी क) में दी गई है ।

प्रोफेसर एस. के. मोहंती एवं डॉ. मानस आर. प्रधान एम ए/एम.एससी.कार्यक्रम के समन्वयक थे ।

घ. जैव-सांख्यिकी तथा महामारी विज्ञान में विज्ञान निष्णात (एम. एससी.)

संस्थान ने शैक्षणिक वर्ष 2013-14 से दो वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम अर्थात् जैव-सांख्यिकी तथा महामारी विज्ञान में विज्ञान निष्णात (एम. एससी) प्रारंभ किया। इस शैक्षणिक वर्ष में सात छात्रों ने पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया और उन्होंने इस दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने की योग्यता प्राप्त की । इस शैक्षणिक वर्ष में एम.एससी. उपाधि प्राप्त छात्रों की सूची परिशिष्ट-II-4 में दी गई है । इस पाठ्यक्रम के भाग के रूप में तैयार किए गए उनके शोध प्रबंध के शीर्षकों के साथ छात्रों की सूची परिशिष्ट III (सारणी ख) में दी गई है ।

डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. एल. के. द्विवेदी एवं डॉ. सारंग पेडगांवकर एम.एससी कार्यक्रम के समन्वयक हैं ।

च. जनसंख्या अध्ययन में मास्टर (एम पी एस)

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों से सांख्यिकी तथा गणित सहित संबंधित सामाजिक विज्ञान विषयों में मास्टर डिग्री धारक इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के पात्र हैं । वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के दौरान, **3**8 छात्रों को एमपीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया गया । सभी छात्रों को भारत सरकार की अध्येतावृत्ति मिल रही है। इस शैक्षणिक वर्ष में एमपीएस उपाधि प्राप्त छात्रों की सूची परिशिष्ट ॥-5 में दी गई है । इस पाठ्यक्रम के भाग के रूप में तैयार किए गए उनके संगोष्ठी पत्रों के शीर्षकों के साथ छात्रों की सूची परिशिष्ट III (सारणी ग) में दी गई है ।

डॉ. के. एम. पोन्नापल्ली एवं डॉ. धनंजय बनसोड एम पी एस कार्यक्रम के समन्वयक थे ।

छ. जनसंख्या अध्ययन में मास्टर ऑफ फिलॉसॉफी (एम. फिल)

इस वर्ष एक वर्षीय एम.फिल. कार्यक्रम करनेवाला यह चौथा बैच था। इस वर्ष **35** छात्रों ने एम.फिल. उपाधि प्राप्त की । इस दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त छात्रों की सूची परिशिष्ट ॥-6 में दी गई है । इस पाठ्यक्रम के भाग के रूप में तैयार किए गए उनके शोध-प्रबंध के शीर्षकों के साथ छात्रों की सूची परिशिष्ट-॥। (सारणी घ) में दी गई है ।

डॉ. टी. वी. शेखर एवं. डॉ. दीप्ति गोविल एम.फिल. कार्यक्रम के समन्वयक थे ।

ज. जनसंख्या अध्ययन में डॉक्टर ऑफ फिलॉसॉफी (पी एच.डी)

संस्थान में पीएच.डी. डिग्री के छात्रों के मार्गदर्शन हेतु सुअर्हता-प्राप्त संकाय है । छात्रों को पीएच.डी कार्यक्रम में प्रवेश उच्च प्रतियोगिता आधार पर दिया जाता है । पीएच. डी कार्यक्रम में छात्रों को उनके पिछले शैक्षणिक रेकॉर्ड, शोध प्रणाली विषय में लिखित परीक्षा तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार में चयन के आधार पर प्रवेश दिया जाता है ।

इस समय संस्थान के पीएच.डी. कार्यक्रम के लिए पंजीकृत **158** छात्र विभिन्न स्तरों पर हैं । 45 छात्रों को भारत सरकार की शोधवृत्ति, 80 छात्रों को यू.जी.सी. अध्येतावृत्ति, 2 छात्रों को राजीव गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति मिल रही है और 9 छात्र बिना अध्येतावृत्ति के पंजीकृत हैं (देखें परिशिष्ट-IV (सारणी-ग))। इस शैक्षणिक वर्ष में 11 छात्रों ने संस्थान द्वारा प्रदान की जानेवाली पीएच.डी. डिग्री के लिए सभी अपेक्षाएं पूरी कीं ।

इस दीक्षांत समारोह में पीएच.डी. डिग्री प्राप्त छात्रों की सूची परिशिष्ट -II-7 में दी गई है । उपाधि प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किए गए उनके शोध-प्रबंध के शीर्षकों के साथ छात्रों की सूची परिशिष्ट-III (सारणी-च) में दी गई है ।

प्रोफेसर पी.अरोकियसामि पीएच.डी. कार्यक्रम के समन्वयक हैं ।

II. दूरस्थ शिक्षण पाठ्यक्रम

उपर्युक्त नियमित पाठ्यक्रमों के अलावा, आइआइपीएस दूरस्थ शिक्षण पद्धति के माध्यम से कुछ पाठ्यक्रम संचालित करता है । हमें यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि दूरस्थ शिक्षा परिषद् ने हमारे संस्थान को दूरस्थ शिक्षण के माध्यम से एमपीएस तथा डीपीएस पाठ्यक्रम संचालित करने की मान्यता प्रदान कर दी है ।

क. जनसंख्या अध्ययन में मास्टर (एम पी एस) (दूरस्थ शिक्षण)

यद्यपि इस पाठ्यक्रम की अवधि दो वर्ष है लेकिन छात्रों को इसे अधिकतम चार वर्षों की अवधि में पूर्ण करने की सुविधा उपलब्ध है। एम.पी.एस. दूरस्थ्य शिक्षण पाठ्यक्रम की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए इसमें अन्य एस्केप देशों के छात्रों को भी प्रवेश लेने की अनुमति दे दी गई है । वर्तमान में 566 छात्रों को प्रवेश दिया गया है । वर्ष 2014-15 के दौरान सत्रह छात्रों ने

एम.पी.एस. डिग्री (दूरस्थ शिक्षण) प्राप्त करने की सभी औपचारिकताएं पूरी कीं । दूरस्थ शिक्षण के छात्रों के लिए शोध-पत्र तैयार करना अनिवार्य होता है । इस दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त छात्रों की सूची परिशिष्ट II-8 में दी गई है । इस पाठ्यक्रम के भाग के रूप में तैयार किए गए उनके संगोष्ठी पत्रों के शीर्षकों के साथ छात्रों की सूची परिशिष्ट-III (सारणी-छ) में दी गई है ।

प्रोफेसर बलराम पासवान एम.पी.एस. (दूरस्थ शिक्षण) पाठ्यक्रम के समन्वयक हैं ।

ख. जनसंख्या अध्ययन में डिप्लोमा (डी पी एस) (दूरस्थ शिक्षण)

इस पाठ्यक्रम की बढ़ती हुई मांग को ध्यान में रखते हुए, डीपीएस (डी एल) को शैक्षणिक वर्ष 2006-07 से प्रारंभ किया गया है । यद्यपि यह पाठ्यक्रम निम्नतम एक वर्ष की अवधि का है लेकिन छात्रों को इसे अधिकतम तीन वर्षों की अवधि में पूर्ण करने की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में इस कार्यक्रम में तीन विदेशी छात्रों सहित कुल 143 छात्रों को प्रवेश दिया गया । इस शैक्षणिक वर्ष में 6 छात्रों ने डीपीएस (दूरस्थ शिक्षण) प्राप्त करने की सभी औपचारिकताएं पूरी कीं । इस दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त छात्रों की सूची परिशिष्ट II -9 में दी गई है । इस पाठ्यक्रम के भाग के रूप में तैयार किए गए उनके संगोष्ठी पत्रों के शीर्षकों के साथ छात्रों की सूची परिशिष्ट-III (सारणी-ज) में दी गई है ।

प्रोफेसर बलराम पासवान डी पी एस (दूरस्थ शिक्षण) कार्यक्रम के समन्वयक हैं ।

2. संगोष्ठी पत्र

सत्र के अंत में डी पी एस, एमए/एम.एससी, एम पी एस, एम.फिल. पाठ्यक्रमों के भाग के रूप में प्रत्येक छात्र को संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में शोध-पत्र (डी पी एस/एम पी एस पाठ्यक्रम के लिए) अथवा शोध-प्रबंध (एम.ए./एमएसी/एम.फिल. पाठ्यक्रम के लिए) तैयार करना आवश्यक होता है । छात्रों को विशेष रूप से आयोजित छात्र-संकाय संगोष्ठी में अपना शोध-पत्र प्रस्तुत करना होता है । सभी छात्रों के लिए छात्र-संकाय संगोष्ठी में सम्मिलित होना अनिवार्य है । संगोष्ठी में हुई परिचर्चा के आधार पर इन पत्रों/शोध प्रबंधों को अंतिम रूप दिया जाता है । संगोष्ठी पत्र/शोध-प्रबंध शिक्षण कार्यक्रम के महत्वपूर्ण अंग हैं क्योंकि इसका उद्देश्य छात्रों की शोध-क्षमता को बढ़ाना है। वर्तमान शैक्षणिक वर्ष (2014-15) के दौरान छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए संगोष्ठी पत्रों/शोध-प्रबंधों के शीर्षकों की सूची परिशिष्ट -III (सारिणी-क,ख,ग,घ,च,छ तथा ज) में दी गई है ।

3. पुरस्कार/पदक

एम पी एस कार्यक्रम के जिन छात्रों का समग्र निष्पादन सर्वोत्तम घोषित किया गया उन्हें डॉ.सी. चन्द्रशेखरन् गोल्ड मेडल प्रदान किया गया ।

डी एच पी ई तथा पी जी डी सी एच कार्यक्रम के जिन छात्रों का समग्र निष्पादन सर्वोत्तम घोषित किया गया उन्हें आइ आइ पी एस गोल्ड मेडल प्रदान किया गया ।

एम पी एस (दूरस्थ शिक्षण) कार्यक्रम के जिन छात्रों का समग्र निष्पादन सर्वोत्तम घोषित किया गया उन्हें डॉ.के.श्रीनिवासन गोल्ड मेडल प्रदान किया गया ।

डी पी एस(दूरस्थ शिक्षण) कार्यक्रम के जिन छात्रों का समग्र निष्पादन सर्वोत्तम घोषित किया गया उन्हें आइ आइ पी एस गोल्ड मेडल प्रदान किया गया ।

एम.फिल. कार्यक्रम के जिन छात्रों का समग्र निष्पादन सर्वोत्तम घोषित किया गया उन्हें आइ आइ पी एस गोल्ड मेडल प्रदान किया गया ।

प्रत्येक वर्ष एम.फिल./पीएच. डी. पाठ्यक्रम के छात्रों में से जिस छात्र का शोध प्रबंध श्रेष्ठ घोषित किया जाता है उसे डॉ.पी.एन. मरि भट गोल्ड मेडल प्रदान किया जाता है । यह अवार्ड स्वर्गीय प्रोफेसर पी.एन. मरि भट की स्मृति में उनके माता-पिता द्वारा प्रारंभ किया गया है ।

एम ए/एम.एससी. कार्यक्रम में जिन छात्रों का समग्र निष्पादन सर्वोत्तम घोषित किया गया उन्हें प्रोफेसर आशा ए. भेंडे गोल्ड मेडल प्रदान किया गया । यह मेडल स्वर्गीय प्रोफेसर आशा ए. भेंडे की स्मृति में स्वास्थ्य प्रबंध संस्थान (आइ एच एम पी), पाचोड़ (औरंगाबाद) द्वारा प्रारंभ किया गया है ।

एम पी एस कार्यक्रम के जिन छात्रों के संगोष्ठी पत्र श्रेष्ठ घोषित किए गए उन्हें डॉ.जे.आर. रेले अवार्ड प्रदान किया गया । यह अवार्ड ' आइ आइ पी एस छात्र-संकाय संगोष्ठी ' में पत्र प्रस्तुत करते समय संगोष्ठी पत्र की विषयवस्तु, छात्रों के प्रस्तुतीकरण तथा प्रतिवाद दक्षता के आधार पर दिया जाता है ।

एमए/एमएससी, एम पी एस, एम.फिल, डीएचपीई, पी जी डी सी एच, डी पी एस (दूरस्थ शिक्षण) तथा एम पी एस (दूरस्थ शिक्षण) पाठ्यक्रमों में जिन छात्रों का समग्र निष्पादन द्वितीय श्रेष्ठ घोषित किया गया उन्हें आइ आइ पी एस सिल्वर मेडल प्रदान किया गया ।

4. अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के अलावा संस्थान अनुरोध पर अल्पकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी संचालित करता है। अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक विभिन्न शैक्षणिक तथा शोध संगठनों से आए हुए आगंतुकों का ध्यान रखते हैं जो नियमित रूप से अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम के भाग के रूप में आइ आइ पी एस का दौरा करते हैं । वर्ष 2014-15 के दौरान निम्नलिखित सहभागियों के दो समूहों ने संस्थान द्वारा आयोजित अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लियाः

(i) अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, देवनार, मुंबई में 28 जुलाई से 01 अगस्त, 2014 के दौरान 'जनांकिकी तथा जनसंख्या अध्ययन' विषय पर आयोजित अल्पकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भारतीय सांख्यिकीय सेवा के पन्द्रह अधिकारियों ने भाग लिया ।

(ii) अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, देवनार, मुंबई में 27 अक्तूबर से 05 नवंबर, 2014 के दौरान 'मूल जनांकिकीय तकनीकियां' विषय पर आयोजित अल्पकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में आरजीआइ - महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं गुजरात (प्रत्येक से 10 अधिकारी) से कुल 30 अधिकारियों ने भाग लिया ।

- **आइ आइ पी एस - कुसुमा फाउंडेशन शोध अध्येतावृत्ति परियोजना**

अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आइ आइ पी एस) ने कुसुमा ट्रस्ट (यू के) तथा कुसुमा फाउंडेशन (भारत) के साथ मिलकर भारत में शिक्षा में शोध को प्रोत्साहित करने के लिए तीन वर्षीय शोध अध्येतावृत्ति कार्यक्रम प्रारंभ किया है । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एन जी ओ तथा कॉलेजों में कार्यरत उन युवा व्यावसायिकों तथा संकाय को प्रशिक्षित तथा शोध कौशल प्रदान करना है जिनके पास क्षमता है परन्तु राष्ट्रीय महत्व के शिक्षा संबंधी मुद्दों पर शोध संचालित करने के अवसर नहीं है । यह अध्येतावृत्ति, अध्येताओं को उनके निष्कर्षों को राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रसारित करने में भी समर्थ बनाएगी । शोध अध्येतावृत्ति सांख्यिकी, गुणात्मक शोध, आंकड़ा विश्लेषण के ज्ञान सहित उच्च-स्तरीय शोध कौशल वाले चयनित उम्मीदवारों को प्रदान की जाएगी ।

आइ आइ पी एस-कुसुमा फाउंडेशन की चौथी प्रशिक्षण कार्यशाला **"वैज्ञानिक लेखन और संचार के सिद्धांत"** शीर्षक वाली शोध प्रणाली से संबंधित थी और इसे 21-25 जुलाई, 2014 के दौरान सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया ।

इस अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक प्रोफेसर एच. ल्हुंगडिम एवं प्रोफेसर के.सी.दास हैं।

5. विश्व जनसंख्या दिवस

प्रत्येक वर्ष जुलाई को 11"विश्व जनसंख्या दिवस" मनाना संस्थान की एक महत्वपूर्ण गतिविधि है । इस वर्ष संस्थान द्वारा "**जनसंख्या प्रवृत्तियां तथा संबंधित मुद्दों का प्रतिबिंब**" विषय पर आधे दिन की विचार-गोष्ठी आयोजित करके विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया । प्रोफेसर एफ. राम, निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर ने मुद्दों पर प्रकाश डाला जबकि प्रोफेसर येसुदियन, वरिष्ठ प्रोफेसर, टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, मुंबई तथा प्रोफेसर आर. बी. भगत, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, प्रवसन एवं नगरीय अध्ययन विभाग, आइ आइ पी एस ने विशिष्ट विषयों पर व्याख्यान दिया और श्रोताओं के साथ जनसंख्या प्रवृत्तियां तथा संबंधित मुद्दों के बारे में विचार-विमर्श किया ।

व्याख्यान के पश्चात्, अंतर्महाविद्यालय निबंध प्रतियोगिता के विजयी उम्मीदवारों को पुरस्कार प्रदान किए गए । प्रोफेसर एच. ल्हुंगडिम, डॉ. दीप्ति गोविल एवं डॉ. मानस प्रधान ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया ।

6. प्रोफेसर आशा ए. भेंडे स्मारक व्याख्यान

आइआइपीएस में चौथा प्रोफेसर आशा. ए. भेंडे स्मारक व्याख्यान 16 जनवरी, 2015 को आयोजित किया गया । प्रोफेसर रवि के. वर्मा, क्षेत्रीय निदेशक, इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिसर्च ऑन वुमेन

(आइ सी आर डब्ल्यु), एशिया क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली ने "पुरूष तथा पुरूषत्वःवर्तमान संवाद तथा आगे बढ़ने का मार्ग" विषय पर व्याख्यान दिया। यह स्मारक व्याख्यान आशिष ग्राम रचना ट्रस्ट, पाचोड़ द्वारा अपनी पूर्व अध्यक्ष, प्रोफेसर आशा ए. भेंडे की स्मृति में आयोजित किया गया, जो आइ आइ पी एस में भी प्रोफेसर थीं ।

7. डॉ. सी. चन्द्रशेखरन् स्मारक व्याख्यान

आइ आइ पी एस में तेरहवाँ डॉ. सी. चन्द्रशेखरन् स्मारक व्याख्यान 13 फरवरी, 2015 को आयोजित किया गया । डॉ. फ्रेड अरनॉल्ड, आइ सी एफ इंटरनेशनल, बाल्टीमोर, यू एस ए ने इस अवसर पर "निम्न तथा मध्य आय वाले देशों में परिवार सर्वेक्षणों का विकासक्रम तथा भविष्य" विषय पर व्याख्यान दिया ।

8. डॉ. पी. एन. मरि भट स्मारक व्याख्यान

सातवां प्रोफेसर पी. एन. मरि भट स्मारक व्याख्यान 27 अप्रैल, 2015 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. डेविड ब्लूम वर्तमान में क्लेरेन्स जेम्स गेम्बल प्रोफेसर ऑफ इकनॉमिक्स एण्ड डेमोग्राफी, हार्वर्ड टी. एच. चेन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ तथा ग्लोबल डेमोग्राफी ऑफ एजिंग पर हार्वर्ड के एन आइ ए-निधिक कार्यक्रम के निदेशक ने "आर्थिक विकास के लिए भारत की संभावनाएं, जनांकिकीय तथा स्वास्थ्य लेन्स के माध्यम से किया गया अवलोकन" विषय पर व्याख्यान दिया । प्रोफेसर एफ. राम, निदेशक, आइ आइ पी एस ने सत्र की अध्यक्षता की ।

स्मारक व्याख्यान का आयोजन प्रकाशन कक्ष के प्रोफेसर एच. ल्हुंगडिम, डॉ. एच. साहू एवं डॉ. पी. मुरूगेसन ने किया ।

9. राष्ट्रीय संगोष्ठी

अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आइ आइ पी एस), मुंबई ने भारतीय लोक स्वास्थ्य संस्थान (आइ आइ पी एच जी), गांधीनगर के सहयोग से 25-27 फरवरी, 2015 के दौरान जनसंख्या, स्वास्थ्य तथा समावेशी विकास विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया । संगोष्ठी भारत में जनसंख्या, स्वास्थ्य तथा समावेशी विकास के बीच अंतर्सम्बन्ध (गुजरात के विशेष संदर्भ सहित) पर केन्द्रित थी । दो पूर्ण अधिवेशनों, 14 मौखिक तथा दो पोस्टर सत्रों सहित लगभग 100 पत्र प्रस्तुत किए गए । पहला पूर्ण अधिवेशन 'जनसंख्या तथा स्वास्थ्यः सरकारी-निजी भागीदारी' तथा दूसरा पूर्ण अधिवेशन 'भारत में लापता लड़कियां: कारण तथा परिणाम' विषय पर था । सहभागियों में विभिन्न संकाय की पृष्ठभूमि जैसे जनसंख्या, स्वास्थ्य, पर्यावरण, लिंग तथा विकास इत्यादि के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, छात्रा, एन जी ओ, कार्यक्रम प्रबंधकों का समावेश था ।

संगोष्ठी का उद्घाटन डॉ. सुदर्शन अयंगार, कुलपति, गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद, गुजरात ने किया ।

संगोष्ठी आयोजन समितिः संरक्षकः प्रोफेसर एफ. राम **समन्वयकः** प्रोफेसर डी. ए. नागदेवे, प्रोफेसर के. सी. दास, डॉ. मुरलीधर, डॉ. अर्चना के. रॉय, श्री सुनील सरोदे एवं. डॉ. सारंग पेडगांवकर

10. अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

आइ आइ पी एस में 30-31 अक्तूबर, 2014 के दौरान 'उत्तरी तथा दक्षिणी देशों में सहायताप्राप्त पुनरूत्पादक प्रौद्योगिकियां : मुद्दे, चुनौतियां तथा भविष्य' विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई । इस संगोष्ठी का सह-आयोजन इन्स्टिट्यूट नेशनल डी इटूडेस डेमोग्राफिक्स (आइ एन ई डी, पेरिस, फ्रांस), अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आइ आइ पी एस, मुंबई, भारत), यूनाइटेड नेशन्स पॉप्युलेशन फंड (यू एन एफ पी ए, भारत) तथा द सेंटर डी पॉप्युलेशन एट डी डेवलपमेंट (सी ई पी ई डी, पेरिस, फ्रांस) द्वारा किया गया था ।

उद्घाटन सत्र में भारत की यूएनएफपीए प्रतिनिधि सुश्री फ्रेडेरिका मेजेर ने यू एन एफ पी ए की प्रतिबद्धता तथा ए आर टी पर कार्य को प्रस्तुत किया; जीन-राफेल पेट्रिगनेट, फ्रेंच जनरल कॉन्सल तथा सेंड्रिन मेक्सीमिलेन, भारत में फ्रांस के दूतावास में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के अटैची ने फ्रांस वैज्ञानिक सहयोग और विशेष रूप से उन्नत अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भारत-फ्रांस केन्द्र (आइ एफ सी पी ए आर) को प्रस्तुत किया । प्रोफेसर एफ. राम, निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर, आइ आइ पी एस ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की ।

दो दिवसीय संगोष्ठी के दौरान पांच सत्र आयोजित किए गए और नौ देशों के वरिष्ठ शोधकर्ताओं द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया । इस संगोष्ठी के सहभागियों में बांझपन क्लीनिक के निदेशक, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइ सी एम आर) के प्रतिनिधि, सरोगेसी एजेंसी के निदेशक तथा भारतीय महिला समूह की प्रतिनिधि सहित ए आर टी विशेषज्ञों का समावेश था । इस प्रेरक प्रस्तुतीकरण ने विभिन्न विषयों (मानव विज्ञान, चिकित्सा विधि, समाज विज्ञान, लोक स्वास्थ्य, जनांकिकी) का प्रतिनिधित्व किया और यह नौ देशों तथा क्षेत्रों से सम्बद्ध थी।

इस संगोष्ठी की आयोजक डॉ. रोज़ी वर्जिनी, पोस्ट-डॉक्टरल फेलो, आइ आइ पी एस एवं प्रोफेसर सईद उन्नीसा थीं।

11. संस्थान द्वारा निधिक शोध परियोजनाएं

संस्थान अपने स्व-संसाधनों का उपयोग करके और बाहरी निधीयन के माध्यम से भी शोध कार्यक्रम संचालित करता है । सामान्यतया बाहर से निधिक परियोजनाएं संबंधित एजेंसियों के अनुरोध पर प्रारंभ की जाती हैं । संस्थान द्वारा पूर्ण की गई तथा सतत परियोजनाएं नीचे दी गई है:

क. पूर्ण की गई शोध परियोजनाएं

- भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य अवसंरचना तथा एमसीएच देखभाल (मनोज अलगराजन एवं एम. गुरूस्वामी)

ख. सतत परियोजनाएं

- भारत में जनसंख्या परिदृश्यः दीर्घकालिक संभावनाएं (एफ. राम, एल. एल. सिंह, आर. बी. भगत एवं सईद उन्नीसा)

- भारत में कालाज्वर का विस्तार, कारण और परिणामः पूर्वी बिहार का एक अध्ययन (दीप्ति गोविल, हरिहर साहू, सारंग पेडगांवकर एवं के. सी. दास)

- महाराष्ट्र के अमरावती जिले में मृत्यु के कारणों का आकलन करने के लिए 'वर्बल ऑटोप्सी' का उपयोग (अभिषेक सिंह, एफ. राम. एवं धनंजय डब्ल्यु. बनसोड)

- औपनिवेशिक काल में मुबंई महाप्रांत के लिए जन्म-मृत्यु दर का आकलन (एफ. राम, चन्द्र शेखर एवं टी. वी. शेखर)

- भारत में घरेलू सुख-सुविधाओं तथा परिसंपत्तियों में परिवर्तन जनगणना आधारित अध्ययन (आर. बी. भगत, सुनील सरोदे एवं एल. के. द्विवेदी)

- भारत में व्यापक सर्वेक्षण में आंकड़ा एकत्र करने के लिए उपयोग की जाने वाली दो भिन्न पद्धतियों का तुलनात्मक अध्ययन - प्रश्नावली / कागज-कलम तथा तकनीकी आधारित सीएपीआइ (एच. ल्हुंगडिम, एफ. राम एवं अन्य)

ग. नई परियोजनाएं

- महाराष्ट्र के अमरावती तथा नाशिक प्रभाग में व्यापक पोषण सर्वेक्षण का अनुवर्तन (सईद उन्नीसा एवं पी. एच. फुलपगारे)

- भारत में जनसंख्या तथा विकास की ऐतिहासिक प्रवृत्तियां तथा स्वरूपः एक जिला स्तरीय विश्लेषण (पी. अरोकियसामि, आर. नागराजन, डॉ. मनोज अलगराजन, अपराजिता चट्टोपाध्याय एवं हरिहर साहू)

12. बाहरी एजेंसियों द्वारा निधिक शोध परियोजनाएं

क. पूर्ण की गई शोध परियोजनाएं

- सशर्त नकद अंतरण (सी सी टी) योजना तथा लड़कियों का कल्याणः चुनी गई योजना का लाभार्थी निर्धारण (मुख्य अन्वेषकः टी. वी. शेखर एवं एफ. राम) निधीयन एजेंसीः यू एन एफ पी ए

- उत्तर प्रदेश में नियमित टीकाकरण के प्रोत्साहन में सहायक पर्यवेक्षण की भूमिका (एस. के. सिंह, अभिषेक सिंह एवं मनोज अलगराजन)

- जिला स्तरीय परिवार तथा सुविधा सर्वेक्षण-4 (डी एल एच एस-4) (मुख्य अन्वेषकः एफ. राम, एल. लाडूसिंह, बी. पासवान, एस. के. सिंह, एच. ल्हुंगडिम, टी. वी. शेखर, कृष्णमूर्ति पोन्नापल्ली, चन्द्रशेखर एवं मनोज अलगराजन) निधीयन एजेंसीः स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

ख. सतत परियोजनाएं

- भारत में अनुदैर्घ्य वयोवृध्दि (एल ए एस आइ) - प्रायोगिक परियोजना (मुख्य अन्वेष्कः पी. अरोकियसामि, टी. वी. शेखर एवं एस. के मोहंती) निधीयन एजेंसीः नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ एजिंग (एन आइ ए)/नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ हेल्थ (एन आइ एच), यू एस ए.

- विश्वव्यापी वयोवृद्धि तथा प्रौढ़ स्वास्थ्य का अध्ययन - (सेज) भारत (मुख्य अन्वेषकः पी अरोकियसामि, एच. ल्हुंगडिम एवं टी. वी. शेखर) निधीयन एजेंसीः विश्व स्वास्थ्य संगठन, जिनेवा तथा यूएसएआइडी, नई दिल्ली

- परिवार स्वास्थ्य तथा संपन्नता अध्ययन (एफ एच डब्ल्यु एस) (मुख्य अन्वेषकः एफ. राम, यू. राम एच. ल्हुंगडिम एवं ए. सिंह) निधीयन एजेंसीः आइ पी पी एस - गेट्स इन्स्टिट्यूट, जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी (बाल्टीमोर, यू एस ए)

- नीति निर्माण में शोध साक्ष्य लागू करने की क्षमता में वृद्धि करना (मुख्य अन्वेषकः एफ. राम, सईद उन्नीसा एवं अपराजिता चट्टोपाध्याय) निधीयन एजेंसीः वेलकम ट्रस्ट एवं सीओआरटी (कोर्ट), वडोदरा

- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 (एफ. राम, बी. पासवान, एस. के. सिंह, एच. ल्हुंगडिम, चन्द्र शेखर, एम. अलगराजन, डी. बनसोड, एल. के. द्विवेदी, एम. आर. प्रधान एवं सारंग पेडगांवकर) निधीयन एजेंसीः यूएसएआइडी, डीएफआइडी, बीएमजीएफ, यूनिसेफ, यूएनएफपीए, मेकअर्थर फाउंडेशन तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय , भारत सरकार

- भारत में अनैच्छिक गर्भावस्थाएं तथा गर्भपात (यू पी ए आइ) अध्ययन (एफ. राम, चन्द्र शेखर, मनोज अलगराजन, एम. आर. प्रधान एवं हरिहर साहू) । निधीयन एजेंसीः गुटमेकर इन्स्टिट्यूट, यू. एस. ए.

- जनसंख्या, पर्यावरण तथा बस्ती (एनविस) (अपराजिता चट्टोपाध्याय एवं डी. बनसोड) निधीयन एजेंसीः पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार

- गुजरात व्यापक पोषण सर्वेक्षण (एफ. राम, सईद उन्नीसा, ए. चट्टोपाध्याय, एस. पेडगांवकर एवं प्रकाश एच. फुलपगारे) निधीयन एजेंसीः गुजरात सरकार

ग. नई परियोजनाएं

- महिलाओं के कार्य की गणना (मुख्य अन्वेषकः एल. एल. सिंह) निधीयन एजेंसीः आइ डी आर सी, कनाडा

13. आइ आइ पी एस के संकाय सदस्यों/शोध स्टाफ/छात्रों द्वारा प्रकाशित शोध-पत्र/रिपोर्टें

शैक्षणिक वर्ष 2014-15 के दौरान संस्थान के संकाय सदस्यों तथा शोध स्टाफ ने अनेक शोध-पत्र तथा परियोजना रिपोर्टें तैयार की हैं । इन शैक्षणिक वर्ष में आइ आइ पी एस के संकाय सदस्यों/शोध स्टाफ/छात्रों ने दस पुस्तकें तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्राय वैज्ञानिक जर्नलों अथवा संपादित पुस्तकों में लगभग 100 शोध-पत्र/अध्याय/जर्नल के लेख प्रकाशित किए हैं । संगोष्ठियों/सम्मेलनों में संकाय सदस्यों, शोध स्टाफ तथा छात्रों ने 150 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत किए ।

संकाय सदस्यों, शोध स्टाफ तथा छात्रों द्वारा प्रकाशित शोध-पत्रों की सूची परिशिष्ट V-क में दी गई है । आइ आइ पी एस संकाय सदस्यों द्वारा तैयार किए गए और आइ आइ पी एस द्वारा प्रकाशित परियोजना रिपोर्टों/विनिबंधों/शोध सार/आधार-पत्रों/तथ्य पत्रों की सूची परिशिष्ट V-ख में दी गई है ।

14. आइ आइ पी एस के संकाय सदस्यों/शोध स्टाफ/छात्रों द्वारा संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं/बैठकों का आयोजन/उनमें उपस्थिति तथा उनमें दिए गए व्याख्यान

संस्थान के संकाय सदस्यों तथा अन्य शोध स्टाफ के जनसंख्या तथा उससे संबंधित क्षेत्र में भारत तथा विदेश में आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों, सम्मेलनों एवं बैठकों में भाग लिया । संस्थान के संकाय सदस्यों तथा अन्य शोध स्टाफ की इस प्रकार की सहभागिता का ब्यौरा परिशष्ट-V। में दिया गया है । इसमें संस्थान द्वारा आयोजित कार्यशालाओं तथा बैठकों में सहभागिता का भी समावेश है ।

15. संस्थान के संकाय सदस्यों के विदेशी दौरे

डी. ए. नागदेवे ने 7-11 जुलाई, 2014 के दौरान सांता मोनिका में आर ए एन डी कॉर्पोरेशन हेडक्वार्टर्स, लॉस एंजिल्स, कैलीफोर्निया, यू एस ए का दौरा किया । आर ए एन डी समर इन्स्टिट्यूट में दो वार्षिक सम्मेलन - द मीनी मेडिकल स्कूल फॉर सोशल साइंटिस्ट्स तथा जनाकिकी, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान और महामारी विज्ञान संबंधी वयोवृद्धि सम्मेलन के साथ ही सामंजस्य आंकड़ा कार्यशाला विषय पर अतिरिक्त कार्यशाला का समावेश था ।

संजय के. मोहंती 1 सिंतबर 2014 से 31 अगस्त, 2015 तक के लिए द हार्वर्ड सेंटर फॉर पॉप्युलेशन एण्ड डेवलपमेंट स्टडीज (एच सी पी डी एस), हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में अभ्यागत वैज्ञानिक के रूप में शामिल हुए ।

आर. बी. भगत ने 9-10 जून, 2014 के दौरान "एशिया में शहरीकरण तथा समदृष्टि संबंधी पुनर्विचारः सभी बच्चों के लिए संभावित दोहन" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लेने के लिए इन्स्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज (आइ डी एस), ससेक्स, यू के का दौरा किया ।

आर. बी. भगत ने 2-3 फरवरी, 2015 के दौरान दक्षिण एशिया में जलवायु परिवर्तन, आपदा तथा मानव गतिशीलता विषय पर आयोजित नानसेन इनीशिएटिव सिविल सोसाइटी की बैठक में विशेषज्ञ के रूप में भाग लेने के लिए आइ सी आइ एस ओ डी, काठमांडू का भी दौरा किया ।

एल. लाडूसिंह ने 14-17 जुलाई, 2014 के दौरान यूनिवर्सिटी ऑफ केप टाउन, यू एस ए के माध्यम से आइ डी आर सी, कनाडा द्वारा निधिक महिलाओं के कार्य की गणनाः एशियाई टीम कार्यशाला में भाग लेने के लिए इस्ट-वेस्ट सेंटर, होनोलुलु, हवाई का दौरा किया ।

एल. लाडूसिंह ने 10-14 नवम्बर, 2014 के दौरान पेकिंग यूनिवर्सिटी, बेजिंग, चीन में यूनिवर्सिटी ऑफ केपटाउन के माध्यम से आइ डी आर सी, कनाडा द्वारा निधिक अंतःपीढ़ी हस्तांतरण के स्थूल आर्थिक पहलू विषय पर आयोजित कार्यकारी समूह की दसवीं बैठक में भी भाग लिया ।

एफ. राम ने 21 जुलाई से 1 अगस्त, 2014 के दौरान वियतनाम में जी एस ओ स्टाफ के लिए प्रजननता तथा मर्त्यता के मैनुअल अनुमान पर जनांकिकीय प्रशिक्षण में भाग लिया और वर्ष 2014 की अंतर-जनगणना जनसंख्या तथा आवास सर्वेक्षण और वार्षिक जनसंख्या परिवर्तन सर्वेक्षण से आंकड़ा मूल्यांकन तथा प्रजननता के अनुमान में उनकी सहायता की ।
एफ. राम नें 1-3 अप्रैल, 2015 के दौरान हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, यू एस ए में आयोजित "दुनिया भर में वयोवृद्धि अध्ययन का सामंजस्य" की बैठक में भी भाग लिया ।

16. आइआइपीएस के छात्र

संस्थान ,छात्रों को विभिन्न सम्मेलनों/संगोष्ठियों तथा प्रकाशनों के लिए शोध पत्र तैयार तथा प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करता है । संस्थान विभिन्न तरह से उत्कृष्टता का ध्यान रखता है और छात्रों को सशक्त बनाने की कोशिश करता है । उन्हें प्रदान किया गया ज्ञान/योग्यता, उनके प्रकाशनों, सम्मेलन पत्रों की स्वीकृति के माध्यक से तथा प्रस्तुतीकरण और विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से हमारे छात्रों के लिए बढ़ती हुई मांग से प्रदर्शित होती है ।

क. छात्रों के प्रकाशन

छात्रों के अकेले या संकाय सदस्यों के साथ संयुक्त प्रकाशनों की सूची परिशिष्ट-VII में दी गई है ।

ख. सम्मेलन पत्र

छात्रों द्वारा तैयार तथा प्रस्तुत किए गए सम्मेलन पत्रों की सूची परिशिष्ट -VII में दी गई है।

17. छात्र-संकाय संगोष्ठियां/अतिथि व्याख्यान

यह संस्थान नियमित रूप से संगोष्ठियों का संचालन करता है जिसमें संकाय सदस्य, छात्र तथा अन्य शोध स्टाफ भाग लेते हैं । संगोष्ठी में व्याख्यान देने के लिए प्रतिष्ठित वक्ताओं को आमंत्रित किया जाता है । संगोष्ठी, समाज विज्ञान शोध में सक्रिय शैक्षणिक वाद-विवाद एवं नवोन्मेष शोध विचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच प्रदान करती है । वक्ताओं ने सामान्यतया उनके इस समय चल रहे परियोजना कार्यों अथवा विशेष रूचि वाले विषयों पर व्याख्यान दिया ।

18. संस्थान में आयोजित अन्य गतिविधियां

क. संस्थापन दिवस

संस्थान ने 17 अगस्त 2014 को संस्थान परिसर में संस्थापन दिवस मनाया । समारोह का प्रारंभ प्रोफेसर बी. पासवान, सांस्कृतिक समन्वयक के स्वागत भाषण के साथ हुआ और इनका उदघाटन प्रोफेसर एफ. राम, निदेशक, आइ आ पी एस ने किया । समारोह में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समावेश था । छात्रों तथा आइ आइ पी एस के कर्मचारियों तथा उनके बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया ।

प्रोफेसर बी. पासवान, सांस्कृतिक समन्वयक, श्री एस. एन. झोरे एवं श्री आर. बी. लाखन, सहायक सांस्कृतिक समन्वयक तथा सुश्री अर्पिता पॉल, छात्र सांस्कृतिक सचिव के संयुक्त समन्वय ने इस समारोह को सफल बनाया ।

ख. हिन्दी सप्ताह

संस्थान में हिन्दी सप्ताह 15-19 सितम्बर, 2014 के दौरान मनाया गया । इस अवसर पर संस्थान द्वारा स्टाफ सदस्यों तथा छात्रों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं अर्थात् शुध्दलेखन प्रतियोगिता, अनुवाद प्रतियोगिता, आशुभाषण प्रतियोगिता, अंताक्षरी प्रतियोगिता और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । हिन्दी सप्ताह का आयोजन प्रोफेसर बलराम पासवान के मार्गदर्शन में श्री ए. आर. निर्मल द्वारा किया गया ।

ग. नव वर्ष समारोह

नव वर्ष मनाने के लिए 31 दिसम्बर, 2014 को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस समारोह में छात्रों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों ने सक्रिय रूप में भाग लिया । नव वर्ष समारोह का आयोजन आइ आइ पी एस के स्टाफ, छात्रों तथा सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया ।

घ. वार्षिक खेल समारोह

इस शैक्षणिक वर्ष के दौरान आइआइपीएस वार्षिक खेल समारोह का आयोजन 16-25 जनवरी, 2015 के दौरान किया गया । संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा छात्रों ने सक्रिय रूप से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया । सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए ।

डॉ. एच. ल्हुंगडिम ने खेल समारोह को समन्वित किया ।

19. पुस्तकालय

अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान के पुस्तकालय ने संस्थान के पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु और शोध आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्रोतों के अच्छे संग्रह पर ध्यान संकेन्द्रित किया है । पुस्ताकालय में लगभग 83156 पुस्तकें, 15959 पत्रिकाओं के बाउंड वॉल्यूम, 16767 पुनर्मद्रण तथा 600 दृश्य-श्रव्य सामग्रियां हैं और पुस्तकालय 300 से अधिक जर्नल खरीदता है

जिनके साथ 'ऑनलाइन एक्सेस' सुविधा भी संल्गन है तथा पुस्तकालय में 125 से अधिक जर्नल उपहार स्वरूप और विनिमय के माध्यम से प्राप्त होते हैं । महत्वपूर्ण जर्नलों तथा संपादित पुस्तकों के 25500 शोध लेखों को सूचीबद्ध किया गया है और इन्हें ओपेक के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है । पुस्तकालय में जनसंख्या अध्ययन तथा संबंधित विषयों जैसे धर्म, मनोविज्ञान, समाज विज्ञान, सांख्यिकी, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, शिक्षा, गणित, मानव विज्ञान, लोकस्वास्थ्य, इतिहास, भूगोल इत्यादि का संग्रह है। पुस्तकालय अपने उपयोगकर्ताओं को वर्तमान ज्ञान सेवा, नए संस्करण, सूचना का चयनात्मक प्रसार, ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस केटलॉग (ओपेक), दस्तावेज, सुपुर्दगी सेवा, फोटोकॉपी सुविधाएं, संदर्भ सेवा, पुस्तकों की सूची संबंधी सेवा, मेटाडेटा अंतरवेषण इत्यादि जैसी अतिथेय सूचना सेवाएं प्रदान करता है ।

पुस्तकालय में स्वतंत्रता-पूर्व अवधि (पी डी एफ फॉर्मेट में वर्ष 1872 से 1941 तक की भारत की जनगणना) से अब तक की नवीनतम जनगणना 2011 के सभी प्रकाशित जनगणना वॉल्यूमों का विशेष संग्रह है। पुस्तकालय कई डाटा संचयों जैसे जेस्टोर, साइन्सडायरेक्ट (समाज विज्ञान संग्रह), स्कोपस, इंडियास्टेट तथा स्वास्थ्य एवं जनसंख्या विज्ञान से सम्बद्ध अन्य प्रमुख प्रकाशकों के ऑनलाइन संग्रह की उपलब्धता प्रदान करता है । पुस्तकालय ऑनलाइन मोड के माध्यम से स्प्रिंजर, सेज, वाइले, टेलर एण्ड फ्रांसिस, कैम्ब्रिज इत्यादि के चयनित जर्नलों को भी खरीदता है । पुस्ताकालय www.iipsindia.org के माध्यम से सभी के लिए उपलब्ध है ।

संस्थान को अधिकतम सेवाओं से लाभान्वित करने के लिए आइ आइ पी एस पुस्तकालय की इनफ्लिबनेट (यूजीसी), डेलनेट के साथ संस्थागत सदस्यता है ।
पुस्तकालय में अध्ययन कक्ष है जो सुविधाजनक फर्नीचर, वातानुकूलित तथा वाइ-फाइ सुविधा से सुसज्ज है । पुस्तकालय का कार्य-समय रात्रि 8.00 बजे तक बढ़ा दिया गया है । पुस्तकालय www.iipsindia.org के माध्यम से सभी के लिए उपलब्ध है । भावी योजनाः निकट भविष्य में संपूर्ण पुनर्मुद्रण संग्रह सहित संस्थान के प्रकाशनों को डिजिटल रूप में करने का प्रस्ताव है ।

श्री डी. डी. मेस्त्री पुस्तकालय के प्रभारी हैं ।

20. सूचना, संचार एवं प्रौद्योगिकी यूनिट

संस्थान की आइ सी टी यूनिट (जिसे हाल ही तक कम्प्यूटर एवं आंकड़ा केन्द्र जाना जाता था) । आइ वी एम ब्लेडसेंटर सर्वर, नवीनतम कोर आइ 3 तथा उच्च पीढ़ी के कम्प्यूटरों एवं आंकड़ा विश्लेषण के लिए सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर के साथ अच्छी तरह से सुसज्ज है । संस्थान में कुल 260 डेस्कटॉप कम्प्यूटर हैं । यूनिट में एक मुख्य कक्षा/प्रयोगशाला है जिसमें 48 कम्प्यूटरों के साथ तीन एल सी डी प्रोजेक्टर और दूसरी छोटी कक्षा/प्रयोगशाला में 16 कम्प्यूटरों की क्षमता है। इन प्रयोगशालाओं में एम पी एस, एम ए/एम एस सी, जैवसांख्यिकी तथा महामारी विज्ञान में एम. एस सी., एम. फिल तथा अल्पकालीन पाठ्यक्रम के लिए कम्प्यूटर कक्षाएं संचालित की जाती हैं । इंटरनेट उपलब्धता के लिए लोकल एरिया नेटवर्क से जुड़े सभी कम्प्यूटरों तथा वाइफाइ नेटवर्क को 1 जी बी पी एस बैंडविथ क्षमता का लिंक प्रदान किया गया है । आइ सी टी यूनिट संस्थान के संकाय तथा स्टाफ सदस्यों को आंतरिक ईमेल सुविधा भी प्रदान करता है । बेतार इंटरनेट सुविधा स्थापित की गई है और इसे छात्रावास तथा पुस्तकालय में छात्रों के लिए उपलब्ध

करवाया गया है । आइ सी टी यूनिट द्वारा कैम्पस में छात्रों तथा संकाय को इंटरनेट एवं कम्प्यूटर सुविधाएं 24 x 7 प्रदान की जा रही हैं ।

संस्थापित किए गए सॉफ्टवेयर पैकेजों में एस ए एस वर्सन 9-4, आइबीएम एस पी एस एस वर्सन 20, स्टेटा वर्सन 13, जीआइएस वर्सन 10, एम एल विन, एटलास टी आइ, स्पेक्ट्रम, मोर्टपैक तथा एन्डनोट का समावेश है । आइसीटी यूनिट में 10 टीबी क्षमता वाला नेटवर्क संलग्न एकीकृत भंडारण सर्वर है जो जनांकिकीय तथा जनगणना आंकड़ों का संचय करता है । संस्थान में शोधकर्ताओं के लिए भारत की जनगणना (1991, 2001, 2011), राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (I, II, III), जिला स्तरीय परिवार तथा सुविधा सर्वेक्षण (I, II, III), चयनित देशों का जनांकिकीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण (डी एच एस), राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एन एस एस), विश्वस्तरीय वयस्क तम्बाक सर्वेक्षण (गेट्स), युवा अध्ययन, भारत में अनुदैर्घ्य वयोवृद्धि (लासी) तथा विश्वव्यापी वयोवृद्धि तथा प्रौढ़ स्वास्थ्य (सेज) के डेटा सेट उपलब्ध हैं । अनुरोध पर, डेटा सेट संस्थान के बाहर के भारतीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय शोधकर्ताओं को भी प्रदान किए जा रहे है ।

आइ सी टी यूनिट, आइ आइ पी एस वेबसाइट का रखरखाव करती है । आइ सी टी यूनिट वेबसाइट को द्विभाषी (अंग्रेजी हिन्दी) रूप में तैयार करने की प्रक्रिया में है ।

लेखा तथा प्रशासन सहित संस्थान के विभिन्न विभागों की कार्य पद्धति को समाविष्ट करने के लिए संस्थान में ई-गवर्नेन्स आरंभ करने के लिए कदम उठाए गए हैं । डेटा सेट के वितरण के लिए वेब आधारित एप्लीकेशन विकसित किया गया है जिसमें सरल रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के पश्चात् आइ आइ पी एस के सर्वेक्षित डेटा सेटों को ऑनलाइन प्राप्त किया जा सकता है ।

क. एनविवो संगोष्ठी

आइ सी टी यूनिट लैब, आइ आइ पी एस, मुंबई में 13 मार्च, 2015 को "एनविवो के साथ गुणात्मक आंकड़ा विश्लेषण" विषय पर एनविवो संगोष्ठी आयोजित की गई । संगोष्ठी का उद्देश्य गुणात्मक आंकड़ा विश्लेषण के लिए एनविवो के उपयोग के बारे में जानना है उदाहरण के लिए यह पैकेज इमेज, ऑडियो तथा वीडियो फाइल इत्यादि सहित साक्षात्कार, क्षेत्र नोटों, शाब्दिक स्रोतों तथा गुणात्मक आंकड़ा के अन्य प्रकारों को सुव्यवस्थित करने तथा विश्लेषण में सहायक होगा । संगोष्ठी की प्रस्तोता डॉ. सुरिया बाबा, निदेशक एज्युकेशन एण्ड लर्निंग सेंटर, यूनिवर्सिटी मलेशिया, केलन-टान थीं ।

इस संगोष्ठी में एम. फिल तथा पीएच. डी. पाठ्यक्रम के लगभग 40 छात्रों तथा 10 संकाय सदस्यों एवं 12 बाहरी सहभागियों ने भाग लिया ।

इस संगोष्ठी का आयोजन आइ सी टी यूनिट, आइ आइ पी एस तथा मेसर्स न्यूमेरिकल एनालिटिक्स इन्स्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने किया ।

ख. एस ए एस प्रशिक्षण कार्यशाला

"एस ए एस प्रोग्रामिंग फास्ट ट्रैक" विषय पर छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला 22-27 सितंबर, 2014 के दौरान सफलतापूर्वक पूर्ण हुई । इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य एस ए एस सॉफ्टवेयर की भाषा तथा एस ए एस प्रोग्रामिंग सिंटेक्स को समझने की प्रक्रिया के बारे में ज्ञान प्राप्त करना था । इस प्रशिक्षण कार्यशाला में आइ आइ पी एस के कुल दस संकाय सदस्यों ने भाग लिया । प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए समस्त तकनीकी सहायता/व्यवस्था आइ सी टी यूनिट, आइ आइ पी एस द्वारा प्रदान की गई ।

श्री अंजनी कुमार मिश्रा आइ सी टी यूनिट के प्रणाली प्रबंधक हैं ।

21. प्रकाशन यूनिट

आइ आइ पी एस में सुस्थापित प्रकाशन यूनिट है । आइ आइ पी एस आवधिक रूप से न्यूजलेटर, रिसर्च ब्रीफ तथा वर्किंग पेपर प्रकाशित करता है ।

क. आइ आइ पी एस न्यूजलेटर

संस्थान न्यूज लेटर प्रकाशित करता है जिसमें संस्थान की विभिन्न सतत गतिविधियों का विवरण प्रकाशित किया जाता है । शैक्षणिक वर्ष 2014-15 के दौरान आइ आइ पी एस न्यूजलेटर के दो संस्करण प्रकाशित किए गए जिसमें आइ आइ पी एस न्यूजलेटर की चार प्रतियों का समावेश है ।

प्रोफेसर एच. ल्हुंगडिम एवं डॉ. हरिहर साहू आइ पी एस न्यूज लेटर के संपादक हैं ।

ख. आइ आइ पी एस शोधसार शृंखला

संस्थान द्वारा वर्ष 2007 में प्रारंभ की गई 'शोधसार शृंखला' संकाय सदस्यों, पीएच.डी. के छात्रों तथा अभ्यागत अधेयताओं को उनके शोध अध्ययन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को शोध रिपोर्ट अथवा वैज्ञानिक जर्नल में प्रकाशित होने के पूर्व उनका तेजी से प्रसार करने हेतु अवसर प्रदान करने की एक नई पहल है । अब तक इस शृंखला के अंतर्गत 14 शोध सार प्रकाशित किए गए ।

प्रोफेसर एच. ल्हुंगडिम एवं डॉ. हरिहर साहू आइ पी एस शोधसार शृंखला के संपादक हैं ।

ग. आइ आइ पी एस आधार पत्र शृंखला

शैक्षणिक वर्ष 2009-10 के दौरान प्रारंभ की गई 'आधार पत्र शृंखला' एक नई पहल है । इसका मुख्य उद्देश्य आइ आइ पी एस द्वारा प्रारंभ किए गए शोध विचारों, सैद्धांतिक विकास तथा कार्यप्रणाली संबंधी अन्तर्दृष्टि का जितनी जल्दी हो सके राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में प्रसार करना है । इस शृंखला के अन्तर्गत प्रकाशित पत्रों की अभिजात-समीक्षा जनसंख्या, स्वास्थ्य तथा विकास के क्षेत्र में कार्यरत दो बाहरी विशेषज्ञों द्वारा की जाती है । अब तक 8 आधार पत्र प्रकाशित हो चुके हैं ।

प्रोफेसर एच. ल्हुंगडिम एवं डॉ. हरिहर साहू आइ आइ पी एस आधार पत्र शृंखला के संपादक हैं ।

22. डेमोग्राफी इंडिया जर्नल

इस समय इंडियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ पॉप्युलेशन (आइ ए एस पी) की व्यावसायिक जर्नल का प्रबंध आइ आइ पी एस में किया जाता है । वर्ष 2011 से प्रोफेसर एफ. राम इस जर्नल के मुख्य संपादक हैं । इस चिरकालिक जर्नल में जनांकिकीय तथा स्वास्थ्य मुद्दों और अधिक विशिष्ट रूप से भारतीय जनांकिकी पर फोकस करते हुए अभिजात समीक्षा वाले लेख तथा पुस्तक समीक्षाएं प्रकाशित की जाती हैं । प्रत्येक वर्ष, दो अंक प्रकाशित किए जाते हैं जिनमें लगभग 25 लेखों, पुस्तक समीक्षाओं तथा आइ ए एस पी सम्मेलनों के अध्यक्षीय भाषणों और डॉ. जॉर्ज सिमोन्स स्मारक व्याख्यानों का समावेश होता है । आइ ए एस पी के सदस्यों के अलावा भारत तथा विदेश दोनों के विश्वविद्यालय और शोध केन्द्र इस जर्नल के ग्राहक हैं ।

प्रोफेसर टी. वी. शेखर इस जर्नल के प्रबंध संपादक है ।

23. नियोजन कक्ष

स्नातक करनेवाले छात्रों के लिए उचित नौकरी के अवसरों को खोजने में सहायता करने के लिए संस्थान में वर्ष 2010 में नियोजन कक्ष की स्थापना की गई । यह कक्ष जनसंख्या, स्वास्थ्य, तथा संबंधित क्षेत्रों में कार्यरत विभिन्न संगठनों/संस्थानों से संपर्क करता है और उपाधि प्राप्त करनेवाले छात्रों का आत्मवृत्त और उनके बारे में जानकारी देता है ।

यह कक्ष आइ आइ पी एस से भर्ती करने में रूचि रखनेवाले संगठनों के लिए परिसर साक्षात्कार संचालित करने में भी मदद करता है । .यह नियोक्ताओं तथा छात्रों दोनों के लाभ के लिए एक-दूसरे से संपर्क स्थापित करने का अनुपम अवसर प्रदान करता है ।

डॉ. मनोज अलगराजन एवं डॉ. दीप्ति गोविल आइ आइ पी एस नियोजन कक्ष की प्रभारी हैं ।

24. छात्रावास सुविधा

संस्थान के अध्यापन तथा प्रशिक्षन कार्यक्रम पूरी तरहर से आवासीय हैं । संस्थान में दो छात्रावास हैं । सभी कमरे स्वयंसंपूर्ण, सुसज्ज हैं और इनमें रहने और कार्य करने हेतु पर्याप्त जगह है । यहां पर संस्थान के अन्तर्राष्ट्रीय छात्रों तथा अतिथियों को रहने के लिए टेलीविजन केबल सुविधाओं तथा कम्प्यूटर, इंटरनेट के साथ एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के समान 24 वातानुकूलित कमरे उपलब्ध हैं । अन्तर्राष्ट्रीय छात्रों/शोधकर्ताओं के उपयोग के लिए अलग छोटा रसोईघर उपलब्ध है ।

छात्रावास का भोजनालय छात्रों के प्रतिनिधियों, छात्रावास स्टाफ तथा छात्रावास वार्डन की समिति द्वारा न नुकसान - न फायदा के आधार पर चलाया जाता है । छात्रों के उपयोग के लिए एक अलग हॉल है जिसमें इंटरनेट सहित बृहत् संख्या में कम्प्यूटर प्रदान किए गए हैं । छात्रावासों में छात्रों के उपयोग के लिए कई कपड़े धोनेवाली मशीनें तथा एस सी डी टेलीविजन भी प्रदान किए गए हैं । छात्रों के उपयोग के लिए आंतरिक तथा बाहरी खेल-कूद सुविधाएं तथा सुसज्ज व्यायामशाला भी उपलब्ध है ।

प्रोफेसर चन्द्र शेखर छात्रावास वार्डन हैं ।

25. संस्थान में आए हुए प्रतिनिधि मंडल एवं अन्य आगंतुक

शैक्षणिक वर्ष 2014-15 के दौरान कई शिक्षाविदों तथा प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने संस्थान का दौरा किया। प्रतिष्ठित आगंतुकों की सूची परिशिष्ट-VIII में दी गई है ।

26. संस्थान के, विभाग, संकाय सदस्य तथा अधिकारीगण

संस्थान के संकाय सदस्यों तथा अधिकारियों के नाम उनकी शैक्षणिक योग्यताओं तथा पदनामों के साथ परिशिष्ट-IX में दिए गये हैं ।

27. भर्ती / पदोन्नति / सेवानिवृत्ति

क. भर्तियां

डॉ. आर. नागराजन को 07-07-2014 से विकास अध्ययन विभाग में प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया ।

श्री डी. जी. भोवड को 01-12-2014 से प्रवर श्रेणी लिपिक-व-खजांची के रूप में नियुक्त किया गया ।

श्री राकेश वी. शिंदे को 20-04-2015 से सहायक के रूप में नियुक्त किया गया ।

ख. पदोन्नतियां

श्री ढाकू रामचन्द्र झोरे को 20-06-2014 से रसोइया श्रेणी-I के रूप में पदोन्नत किया गया ।

ग. सेवानिवृत्तियां

श्री शिवाजी बी. नलावडे, आंकड़ा प्रविष्टि प्रचालक अधिवर्षिता पर 31-05-2014 को सेवानिवृत्त हुए ।

श्री टी. वी. मोहनन, रसोइया श्रेणी-I अधिवर्षिता पर 31-05-2014 को सेवानिवृत हुए ।

डॉ. आर. बी. उपाध्याय, सहायक अनुसंधान अधिकारी अधिवर्षिता पर 28-02-2015 को सेवानिवृत्त हुए ।

डॉ. (श्रीमती) अंजलि एस. कुलकर्णी, अनुसंधान सहायक ने 28-02-2015 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली ।

28. आभार प्रदर्शन

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने संस्थान को मूल प्रशासनिक एवं वित्तीय सहायता देना पूर्ववत् जारी रखा है । मैं ,**श्री जगत प्रकाश नड्डा,** माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा आइ आइ पी एस के महापरिषद् के सभापति को संस्थान की गतिविधियों में उनकी उत्साही रूचि के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं, संस्थान की गतिविधियों में उनकी सहायता के लिए **श्री भानु प्रताप शर्मा**, सचिव, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा आइ आइ पी एस की महापरिषद् के उप-सभापति एवं आइ आइ पी एस की कार्यकारी परिषद् के अध्यक्ष और **श्री लव वर्मा**, पूर्व सचिव, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं उनके सहयोगियों के प्रति भी कृतज्ञ हूँ।

मैं, विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय निधीयन एजेंसियों को हमारे कई शोध तथा प्रशिक्षण गतिविधियों में सहायता के लिए भी आभार व्यक्त करता हूं । मैं, विशेष रूप से यू एन एफ पी ए., यू एस ए आइ डी., डब्ल्यू. एच. ओ., विश्व बैंक, फोर्ड फाउंडेशन, सेंटर फॉर डिजीस कन्ट्रोल (सीडीसी, अटलांटा), यूनिसेफ, नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ हेल्थ, यूएसए, बिल एण्ड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, मेकअर्थर फाउंडेशन तथा पेकार्ड फाउंडेशन का उल्लेख करना चाहूंगा ।

मैं, परिशिष्ट - X, XI, XII, XIII और XIV में सूचीबद्ध संस्थान के महापरिषद् और कार्यकारी परिषद् के सभी सदस्यों के साथ ही स्थायी वित्त समिति, विद्या परिषद् और अध्ययन तथा शोध बोर्ड के सदस्यों के प्रति भी संस्थान की गतिविधियों में उनकी सहायता एवं अभिरूचि के लिए कृतज्ञ हूँ । मैं, डॉ. उमेश शेनॉय तथा डॉ.(श्रीमती) रोहिणी आम्बेकर को भी हमारे स्टाफ सदस्यों तथा छात्रों को आवश्यक चिकित्सीय देखभाल के लिए धन्यवाद देता हूं । मैं, श्री वी. भास्करन को भी संस्थान को विधिक सहायता प्रदान करने के लिए धन्यवाद देता हूं ।

मैं, संस्थान के सभी संकाय तथा स्टाफ सदस्यों से संपूर्ण वर्ष प्राप्त विस्तृत सहयोग एवं सहायता के लिए आभार व्यक्त करता हूं । मुझे पूर्ण विश्वास है कि संकाय तथा स्टाफ सदस्यों के समर्पित प्रयासों तथा सरकार एवं शैक्षणिक समुदाय की सहायता से संस्थान न केवल अपनी प्रतिष्ठा कायम रखेगा बल्कि नई ऊंचाईयों को प्राप्त करेगा ।

प्रोफेसर एफ. राम
निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर

परिशिष्ट - I (सारणी –क)

शैक्षणिक वर्ष 1957-58 से 2014-2015 तक अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान में उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र प्राप्त करनेवाले विभिन्न देशों के छात्रों की संख्या

देश	सीपीएस/ डीपीएस+	डीपीएस (पुराना)	एफसीए	डीएचई / डीएचपीई*	पीजीडीसीएच	एमए/ एम.एससी.	एमएससी. जैव	एमपीएस	एमपीएस (ब्रिज कोर्स)	एमपीएस दूरस्थ) (शिक्षण	डीपीएस दूरस्थ) (शिक्षण	एम.फिल.	पीएच.डी.	योग
अफगानिस्तान	27	4	-	-	-	-	-	1	1	-	-	1	1	35
बंगलादेश	37	4	-	1	-	-	-	2	-	-	-	1	4	49
भूटान	25	2	-	2	-	-	-	3	-	-	-	-	-	32
कम्बोडिया	6	-	-	-	-	-	-	2	-	-	-	-	-	12
कुक आइलैंड	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1
डी कोरिया.आर.पी.	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2
इथियोपिया	-	-	-	-	-	-	-	-	1	-	-	-	1	2
फीजी	6	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	6
घाना	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1
गुवाम	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1
गुइनी	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1
हांगकांग	4	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	4
भारत	470	104	8	505	30	105	7	528	-	334	31	314	236	2672
इंडोनेशिया	76	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	78
ईरान	19	5	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	25
जापान	11	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	12
केनिया	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	2
किरगिस्तान	4	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	4
लाओस	7	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	8
लाइबेरिया	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	-	2
मलेशिया	10	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	11
मालदीव	10	-	-	9	-	-	-	-	-	-	-	-	-	19
माइक्रोनेशिया	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1
मंगोलिया	11	-	-	-	-	-	-	1	-	-	-	-	-	12
मेरीयाना आइलैंड	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1
म्यांमार	22	-	-	10	-	-	-	-	-	-	-	-	-	32
नेपाल	31	6	-	5	-	-	-	3	-	-	-	3	-	48
पाकिस्तान	6	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	7
पपुआ न्यू गुइनी	3	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	3
चीन गणराज्य	41	2	-	-	-	-	-	3	1	-	-	1	-	48
फिलीपींस	38	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	39
कोरिया गणराज्य	29	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	31
वियतनाम गणराज्य	44	1	-	-	-	-	-	1	-	-	-	-	-	46
यमन गणराज्य	-	-	-	1	-	-	-	-	-	1	-	-	-	2
श्रीलंका	30	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	30
सूडान	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	1	3
ताइवान	12	3	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	15
ताजिकिस्तान	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2
थाइलैंड	24	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	26
टोंगा	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2
यू.ए.एस.	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1
वियतनाम	-	-	-	-	-	8	-	-	-	-	-	-	-	8
पश्चिमी समोआ	11	3	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	14
योग	**1029**	**144**	**8**	**533**	**30**	**117**	**7**	**544**	**3**	**335**	**31**	**322**	**247**	**3350**

सीपीएस-जनसंख्या अध्ययन में प्रमाण पत्र
एमए/एमएससी - जनसंख्या अध्ययन कला/विज्ञान निष्णात
